नेहरू युवा केन्द्र संगठन
Nehru Yuva Kendra Sangathan
स्वायत्तशासी संस्था
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
भारत सरकार
an Autonomous Body under the
Ministry of Youth Affairs & Sports
Government of India
NYKS
Nehru Yuva Kendra Sangathan
नेहरू युवा केन्द्र संगठन
साथ साथ कल की ओर...
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्र सं : नेयुकेस/कार्यक्रम:नेताजी जयंती समारोह/2020/159 दिनांक :20 जनवरी 2021

**प्रेषक** : डा॰ एमपी गुप्ता , निदेशक (कार्यक्रम), नेयुकेस

**सेवा में** : समस्त राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन

**विषय : 23 जनवरी, 2021 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "पराक्रम दिवस" का आयोजन, तत्पश्चात23 जनवरी, 2022 एक साल तककार्यक्रमों का आयोजन।**

1. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती वर्ष के आयोजन उपलक्ष्य में वर्षगांठ समारोह औपचारिक रूप से 23 जनवरी, 2021 को शुरू होगा। सरकार ने 23 जनवरी को हर साल **पराक्रम दिवस**के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इस आशय के लिए एक **राजपत्र अधिसूचना जारी की गई है**। प्रति संलग्न है।
2. आभारी राष्ट्र नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 125 **वीं जयंती मनाने** जा रहा है। नेता जी का काम और जीवन बचपन से ही राष्ट्रवादी विचारों और देशभक्ति से भरा हुआ था, जिसे युवाओं और जनता के बीच बढ़ावा एवं प्रचारित करने की आवश्यकता है।
3. **इसके अलावा**, वर्तमान समय के संदर्भ में उनके विचार और दृष्टिकोण बहुत अधिक प्रासंगिक हैं। यह निर्णय लिया गया है कि सभी 623 जिला नेयुके एनवाईवी, युवा मण्डल के सदस्यों, कोविड स्वयंसेवकों और अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ भारत के इस महान बेटे को श्रद्धांजलि देने के लिए **23 जनवरी, 2021** को **पराक्रम दिवस** के रूप में मनाएंगे और कार्यक्रम आयोजित करें।
4. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेता जी के जीवन, कार्यों, यात्रा और सिद्धांतों पर युवकों एवं जनमानस के बीच जागरूकता पैदा करना और फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देना, युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क, खेल कौशल और नेतृत्व की भावना को विकसित करना और शारीरिक स्वस्थता को एक स्वस्थ जीवन शैली के रूप मेंअपनाने के लिए बढ़ावा देना है।
5. **पराक्रम दिवस की गतिविधियाँ- 23 जनवरी, 2021, से23 जनवरी, 2022 तक स्मरणोत्सव**:उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, देश के सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 623 जिलों में

भूतल, 4 जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
Ground Floor, 4 Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi-110001
Phone : 011-23442800 / 23740725
Visit us at http://www.nyks.nic.in

**नेयुकेस युवा मण्डल और अन्य हितधारकों को** स्थानीय संसाधनों को जुटाकर अपने-अपने गाँवों / क्षेत्रों में नेता जी की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस क्रम में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है तथा"दिवस और सप्ताह के आयोजन" मद से निधि का उपयोग किया जाएगाइसके साथ साथ स्वैच्छिक आधारपर कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं:

i. **राष्ट्रीय गीत** से कार्यक्रम का आरंभ,तत्पश्चात
ii. नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पमाला चढ़ाना (**अनिवार्य**)
iii. तिरंगे झंडे के साथनेता जी की प्रतिमा और नेता जी के प्रसिद्ध उद्धरण को लेकर 3-5 कि.मी. **फिट इंडिया साइकिल यात्रा (साइक्लोथॉन) और फिट इंडिया पद यात्रा**का आयोजन किया जाए। **यात्रा का समापन** नेता जी की मूर्ति या किसी भी स्थान जो कि नेता जी के नाम पर मौजूद है या कोई जगह जिसका नाम नेता जी के नाम पर रख्या गया है या नेता जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला चढ़ाकर किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में, जहां साइकिल उपलब्ध नहीं है, ऐसे जिले नेयुके में केवल पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा।
iv. नेताजी के जीवन, यात्रा, सिद्धांतों और कार्यों पर एक फिल्म की स्क्रीनिंग
v. नेताजी के जीवन, यात्रा, सिद्धांतों और उनके कार्यों पर एक विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान **(वेबिनार/वास्तविक- कोविड-19 सुरक्षा दिशानिर्देशको ध्यान में रखते हुए)**
vi. नेता जी के जीवन और रचनाओं पर ज्ञान प्रतियोगिताएँ (निबंध लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, भाषण, विषय आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम)।
vii. राष्ट्रगान

6. **लक्ष्य-** सभी एनवाईवी को अपने-अपने गाँवों में उपरोक्त गतिविधियों को आयोजित करने के लिए न्यूनतम 15 ग्राम आधारित युवा मंडलों और नियत किए गए ब्लॉकों को प्रेरित करने के लिए लक्ष्य दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समाज के सभी वर्गों के अधिकतम लोगों को आमंत्रित किया जाना चाहिए।
7. **समन्वय** - कार्यक्रम के सुचारूरूप से संचालन के लिए, जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतों, नगर निगम, युवा संगठनों, खेल विभागों, शैक्षिक संस्थानों, कॉर्पोरेट घरानों, आदि के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित किया जाए।
8. **पर्यावरण निर्माण, संदेशों का प्रवर्धन और उनका प्रचार प्रसार**

- **पर्यावरण निर्माण एवं प्रचारप्रसार** - ई-पोस्टर, भौतिक बैनर, प्लेकार्ड और ई-स्लोगन का उपयोग किया जाना चाहिए। इसके अलावा, प्रिंट के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग से कवरेज किया जाए।

- **हैश टैग का प्रचार**

- **सशक्त पर्यावरण का निर्माण करना, संदेश का प्रवर्धनऔर प्रचार प्रसार**

9. **प्रचार प्रसार, संदेश और दृश्यता के प्रवर्धन हेतु मीडिया एवं प्रचारप्रसार**

- कार्यक्रम के पहले और बाद में, **प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया** दोनों में कवरेज सुनिश्चित की जाए। सभी प्रकार **के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म** का भी उपयोग किया जाएगा।
- **प्रचार प्रसार और संदेशों के प्रवर्धन के लिए विषय और हैश टैग** का उपयोग कर प्रचारित किया जाए।
- **फोटो, प्रेस क्लिपिंग और वीडियो अपलोड करना** -आयोजित कार्यक्रम एवं गतिविधियों की फोटो, प्रेस क्लिपिंग, वीडियो नेयुकेस की वेबसाइट: ***www.nyks@nic.in***पर अपलोड किए जाएं।.

10. **सावधानियां:** इन गतिविधियों को आयोजित करते समय, युवाओं को फेस मास्क पहनना चाहिए, नियमित अंतराल पर अपने हाथ धोने चाहिए, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामाजिक दूरी बनाए रखने के साथ-साथ सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई सलाह और दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा, स्थानीय सूचनाओं के अनुसार, गतिविधियों के आयोजन की अनुमति जिला प्रशासन से मांगी जा सकती है।

11. **रिपोर्टिंग:** दिनांक 23 जनवरी, 2021 को गतिविधियों के आयोजन के पश्चात, समारोह की प्रगति रिपोर्ट नेयुकेस मुख्यालय कोmpsharmanyks@yahoo.co.in पर **संलग्न प्रोफार्मा** में **गतिविधियों की तस्वीरों, प्रेस कटिंग और वीडियो के साथ 24 जनवरी, 2021 या उससे पहले तक** भेजना सुनिश्चित करें।इसके **बाद23 जनवरी, 2022** तक पाक्षिक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रेषित की जाए।

**(डा॰ एमपी गुप्ता)**

**प्रतिलिपि :**

- समस्त उपाध्यक्ष एवं सदस्य शासी बोर्ड, नेयुकेस
- निजी सचिव- महानिदेशक, नेयुकेस
- उप सचिव (युवा मामले-नेयुकेस), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय